15- अतः अपील संख्या-77/91 पूर्णरूप से और अपील संख्या-34/91 आंशिक रूप से स्वीकार की जाती है और उप खण्ड अधिकारी, श्रीगंगानगर का निर्णय दिनांक 27-5-1991 निरस्त किया जाता है। अपीलान्ट / वादी शंकरदास का दावा संख्या-2/81 स्वीकार किया जाकर मुकदमा नम्बर-17 व 36 की 47 बीघा 10 बिस्वा भूमि का खातेदार घोषित किया जाता है व मुकदमा नम्बर-17 की 12 बीघा 10 बिस्वा भूमि का कब्जा प्रतिवादीगण शान्ति देवी, विजय कुमार व खेल कुमारी से दिलाने के आदेश दिये जाते हैं। प्रतिवादियों को जरिये स्थाई निषेधाज्ञा से पाबन्द किया जाता है कि इनके कब्जा काश्त में हस्तक्षेप नहीं करें।

16- न्यायालय राजस्व अपील अधिकारी, श्रीगंगानगर के निर्णय दिनांक 6-6-2000 के अलग अलग सात अपीलें प्रस्तुत की गयी है जिनका संक्षेप में विवरण इस प्रकार है :-

1- अपील संख्या-2618/2000 (अविनाश कुमारी बनाम चरणजीत)
2- अपील संख्या-3976/2000 (अविनाश कुमारी बनाम चरणजीत)

.

श्रीमती सुमित्रा देवी को पारिवारिक व्यवस्था के अन्तर्गत गुजारे हेतु भूमि दी गयी थी उसकी वह हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम के तहत पूर्ण मालिक हो जाती है। अमीरचन्द के मृतक पुत्र सरदारचन्द की विधवा होने के नाते भी उसका हक व हिस्सा बनता है। सुमित्रा देवी की मृत्यु के बाद उसकी पुत्री होने के कारण अमीरचन्द द्वारा समस्त हकों की वसीयत किसी अन्य को नहीं की जा सकती है। अपीलीय न्यायालय ने अपने निर्णय में यह माना है कि परीक्षण न्यायालय द्वारा तीन वादों में मात्र एक ही वाद का निर्णय किया है। अन्य दो वादों का निर्णय नहीं किया है तो उन्हें विचारण न्यायालय को प्रतिप्रेषित करना चाहिये। अतः न्यायालय राजस्व अपील अधिकारी के आदेश दिनांक 6-6-2000 को निरस्त किया जाकर विचारण न्यायालय के निर्णय दिनांक 27-5-1991 की पुष्टि की जावे।

(1) अपील डिक्री/ टी.ए./1836/2000/श्रीगंगानगर मोमनराम बनाम चरणजीत
(2) अपील डिक्री/ टी.ए./1938/2000/श्रीगंगानगर विजय कुमार बनाम चरणजीत
(3) अपील डिक्री/ टी.ए./2221/2000/श्रीगंगानगर विजय कुमार बनाम अविनाश कुमारी
(4) अपील डिक्री/ टी.ए./2618/2000/श्रीगंगानगर अविनाश कुमारी बनाम चरनजीत
(5) अपील डिक्री/ टी.ए./3976/2000/श्रीगंगानगर अविनाश कुमारी बनाम चरनजीत
(6) अपील डिक्री/ टी.ए./6651/2018/श्रीगंगानगर खेल कुमारी बनाम शंकरदास
(7) अपील डिक्री/ टी.ए./6662/2008/श्रीगंगानगर खेलकुमारी बनाम विजय

17– **3– अपील संख्या–1938/2000 (विजय कुमार बनाम चरणजीत)**
4– अपील संख्या–2221/2000 (विजय कुमार बनाम अविनाश कुमारी)

सुमित्रा देवी के द्वारा एक वसीयत अपने हिस्से की भूमि 12 बीघा 10 बिस्वा के संबंध में अपीलान्ट विजय कुमार के पक्ष में निष्पादित कर दी थी। सुमित्रा देवी को यह भूमि पारिवारिक समझौते के आधार पर मिली थी। इस वसीयत के संबंध में कोई तनकी नहीं बनाई गई और सुमित्रा के वाद को खारिज कर दिया गया। जिसकी प्रथम अपील 34/1991 में प्रस्तुत की गयी जो भी खारिज कर दी गयी। पारिवारिक समझौते के आधार पर पूर्व में की गयी अमीरचन्द की वसीयत दिनांक 23–8–2060 निष्प्रभावी मानी जानी चाहिये थी, किन्तु प्रथम अपीलीय न्यायालय ने वसीयत को प्रभावी मानते हुये शंकरदास की अपील को स्वीकार किया है, जो गलत है। अतः विद्वान राजस्व अपील अधिकारी के निग्रय दिनांक 6–6–2000 निरस्त किया जाकर प्रकरण को इस निर्देश के साथ अधीनस्थ न्यायालय को प्रतिप्रेषित किया जावे कि अपीलान्ट के पक्ष में निष्पादित सुमित्रा देवी की वसीयत दिनांक 5–3–1980 पर अलग से तनकी बनाकर निर्णय करें।

18– **5– अपील संख्या–1836/2000 (मोमनराम बनाम चरणजीत)**

खातेदार शान्ति देवी बेवा सरदारचन्द के द्वारा जिला कलेक्टर, श्रीगंगानगर से स्वीकृती प्राप्त कर विवादग्रस्त आराजीयात के मुरब्बा नम्बर–17 के किला नम्बर–6, 15, 16, 25 की 4 बीघा जरिये रजिस्टर्ड सेल डीड दिनांक 31–7–1980 को क्रय कर कब्जा काश्त अपीलान्ट का चला आ रहा है। शेष 8 बीघा मुरब्बा नम्बर–17 के किला नम्बर–3 ता 5, 7, 14,17,24 व 13 का 1/2 भूमि जरिये रजिस्टर्ड सेल डीड दिनांक 31–7–1980 को क्रय कर कब्जा प्राप्त कर लिया था। तभी से काबिज काश्त चला आ रहा है। राजस्व रिकार्ड में भी बतौर खातेदार उनका नाम चला आ रहा है। अपीलान्ट बोनाफाईड परचेजर है। विचारण न्यायालय में उन्हें पक्षकार नहीं बनाया गया। प्रथम अपीलीय न्यायालय ने निर्णय दिनांक 6–6–2000 को उनका आदेश–1 नियम–10 सी.पी.सी. का प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। जिससे उनको इस आदेश की निगरानी का भी अवसर नहीं मिला। पारिवारिक समझौते के आधार पर अमीरचन्द की मृत्यु होने पर सहमती से दिनांक 23–2–1972 को सहायक भू प्रबन्ध अधिकारी के आदेश से विक्रेता शांति देवी का नाम राजस्व रिकार्ड में आया था। इस आदेश को कभी भी चैलेन्ज नहीं किया गया।

(1) अपील डिक्री/ टी.ए./1836/2000/श्रीगंगानगर	मोमनराम	बनाम	चरणजीत
(2) अपील डिक्री/ टी.ए./1938/2000/श्रीगंगानगर	विजय कुमार	बनाम	चरणजीत
(3) अपील डिक्री/ टी.ए./2221/2000/श्रीगंगानगर	विजय कुमार	बनाम	अविनाश कुमारी
(4) अपील डिक्री/ टी.ए./2618/2000/श्रीगंगानगर	अविनाश कुमारी	बनाम	चरनजीत
(5) अपील डिक्री/ टी.ए./3976/2000/श्रीगंगानगर	अविनाश कुमारी	बनाम	चरनजीत
(6) अपील डिक्री/ टी.ए./6651/2018/श्रीगंगानगर	खेल कुमारी	बनाम	शंकरदास
(7) अपील डिक्री/ टी.ए./6662/2008/श्रीगंगानगर	खेलकुमारी	बनाम	विजय

पारिवारिक समझौते को 40 वर्षो बाद निरस्त नहीं किया जा सकता है। पारिवारिक समझौते पर सभी के हस्ताक्षर है। अतः उनकी द्वितीय अपील को स्वीकार कर राजस्व अपील अधिकारी के निर्णय दिनांक 6-6-2000 को निरस्त कर रेस्पोन्डेन्ट संख्या-1 ता 6 के पक्ष में कुल भूमि 47 बीघा 10 बिस्वा की खातेदारी को अपीलान्ट द्वारा क्रय की गयी 12 बीघा 10 बिस्वा की हद तक निरस्त किया जावे।

19- **6- अपील संख्या-6651/2018 (खेल कुमारी बनाम शंकरदास)**
7- अपील संख्या-6662/2018 (खेल कुमारी बनाम विजय कुमार)

पारिवारिक व्यवस्था के अन्तर्गत इकरारनामा की चरण संख्या-10 में यह स्पष्ट अंकित किया गया है कि खेल कुमारी बाकायदा हिस्सेदार है और वह अपना हिस्सा सुमित्रा देवी के फौत होने के बाद अविनाश कुमारी से बराबर बराबर बांट लेगी। भूमि अमीरचन्द के जीवनकाल में ही अपीलान्ट को देना तय कर दिया गया था। पारिवारिक व्यवस्था का रजिस्ट्रेशन आवश्यक नहीं है। अतः द्वितीय अपील स्वीकार कर राजस्व अपील अधिकारी का निर्णय दिनांक 6-6-2000 निरस्त कर विचारण न्यायालय के निर्णय दिनांक 27-5-1991 को सपुष्ट किया जावे व विकल्प में उचित विवाद बिन्दूओं की रचना कर अधीनस्थ न्यायालय को निर्णय हेतु प्रतिप्रेषित किया जावे।

20- सातों अपीलों पर उभयपक्ष के विद्वान अभिभाषकगण की बहससुनी गयी।

21- अपील संख्या-1836/2001 में अपीलान्ट के विद्वान अभिभाषक ने अपनी बहस में बताया कि मूल खातेदार अमीरचन्द सन् 1947 में पाकिस्तान से भारत आया था। अमीरचन्द के दो पुत्र सरदारचन्द व शंकरदास थे। सरदारचन्द का स्वर्गवास अपने पिता अमीरचन्द के जीवित रहते ही वर्ष 1960 में हो गया था। सरदारचन्द के तीन पत्नियां थी। शिव देवी, सुमित्रा व शांन्ति थी। शिव देवी का स्वर्गवास पूर्व में हो गया था, उसके एक बेटी खेल कुमारी है। सुमित्रादेवी के एक पुत्री अविनाश कुमारी है तथा तीसरी पत्नि शांति देवी के एक पत्र विजयकुमार व एक पुत्री है। विचारण न्यायालय में तीन दावे प्रस्तुत किये थे। तीनों दावों को कन्सोलिडेट करके विचारण न्यायालय ने दिनांक 27-5-1991 को खेल कुमारी का दावा डिक्री कर विवादग्रस्त आराजीयात मुरब्बा नम्बर-17 रकबा साढे बारह बीघा में से खेल कुमारी व अविनाश कुमारी को बराबर बराबर का हिस्सा घोषित किया था। पारिवारिक समझौते के अनुसार खातेदार अमीरचन्द ने मुरब्बा नम्बर-17 की 25 बीघा सरदारचन्द के

(1) अपील डिक्री/ टी.ए./1836/2000/श्रीगंगानगर मोमनराम बनाम चरणजीत
(2) अपील डिक्री/ टी.ए./1938/2000/श्रीगंगानगर विजय कुमार बनाम चरणजीत
(3) अपील डिक्री/ टी.ए./2221/2000/श्रीगंगानगर विजय कुमार बनाम अविनाश कुमारी
(4) अपील डिक्री/ टी.ए./2618/2000/श्रीगंगानगर अविनाश कुमारी बनाम चरनजीत
(5) अपील डिक्री/ टी.ए./3976/2000/श्रीगंगानगर अविनाश कुमारी बनाम चरनजीत
(6) अपील डिक्री/ टी.ए./6651/2018/श्रीगंगानगर खेल कुमारी बनाम शंकरदास
(7) अपील डिक्री/ टी.ए./6662/2008/श्रीगंगानगर खेलकुमारी बनाम विजय

वारिसान को दिया व मुरब्बा नम्बर–36 की 22 बीघा 10 बिस्वा शंकरदास को दी गयी। मुरब्बा नम्बर–17 की 25 बीघा में 1/2 हिस्सा पारिवारिक समझौते के अनुसार शांति देवी को मिला व राजस्व रिकार्ड में इन्द्राज होने के बाद जिला कलेक्टर से अनुमती लेकर अपना पुरा हिस्सा 12 बीघा 10 बिस्वा दो अलग अलग बयनामे से अपीलान्ट को वर्ष 1980 में बेचान कर दिया। तभी से अपीलान्ट इस भूमि पर काबिज काश्त चले आ रहे है एवं राजस्व रिकार्ड में नाम चला आ रहा है।

22– शंकरदास द्वारा जानकारी होने के बावजूद भी क्रेतागण को पक्षकार नहीं बनाया गया। विद्वान राजस्व अपील अधिकारी के यहां उन्होंने आदेश–1 नियम–10 सी.पी.सी. का प्रार्थना पत्र पेश किया जो निर्णय के दिन ही 6–6–2000 को खारिज कर दिया गया। अपीलान्ट बोनाफाईड परचेजर है, रिकार्डेड खातेदार है। उन्हें पक्षकार बनाया जाना चाहिये। अपीलान्ट ने दावा से पहले ही भूमि क्रय की है तो पक्षकार बनाया जाना चाहिये। शांति देवी वर्ष 1972 से रिकार्डेड खातेदार है। प्रथम अपील में मियाद के बिन्दु को भी निर्णित नहीं किया है। शांति देवी की मृत्यु वर्ष 1994 में हो गयी थी। निर्णय दिनांक 6–6–2000 को किया गया है। मृतक व्यक्ति के खिलाफ निर्णय दिया गया है। साढे बारह बीघा तक अपीलान्ट का हित निहित है। राजस्व अपील अधिकारी का निर्णय निरस्त किया जावे। विकल्प के रूप में प्रकरण को प्रतिप्रेषित कर सुनवाई का मौका दिया जावे। जिससे वह अपना जवाबदावा प्रस्तुत कर सके। आराजीयात पैतृक सम्पत्ति की परिभाषा में आती है, वसीयत नहीं की जा सकती थी। पारिवारिक समझौते के बाद वसीयत प्रभावहीन हो जाती है।

23– अपीलान्ट अविनाश कुमारी के विद्वान अपीलान्ट ने अपनी बहस में बतया कि वसीयत पारिवारिक समझौते के पहले की है। अतः वाद में किया गया पारिवारिक समझौता ही प्रभावी समझा जायेगा। पारिवारिक समझौते के अनुसार मुरब्बा नम्बर–17 की कुल 25 बीघा में साढे बारह बीघा भूमि सुमित्रा देवी को दी गयी थी एवं साढे बारह बीघा भूमि शांति देवी को दी गयी थी। साढे बारह बीघा में से पारिवारिक समझौता अनुसार 6 बीघा 5 बिस्वा भूमि खेल कुमारी को एवं 6 बीघा 5 बिस्वा भूमि अपीलान्ट अविनाश कुमारी को दी जानी है। विचारण न्यायालय का निर्णय सही है एवं राजस्व अपील अधिकारी का निर्णय विधिसम्मत नहीं है। पारिवारिक समझौते पर सभी के हस्ताक्षर है जिससे वह ESTOPPELE है एवं इसके बाहर नहीं जा सकते हैं। साक्ष्य अधिनियम की धारा–115 पूर्णतया लागू होती है। अपीलान्ट विजय कुमार के विद्वान अभिभाषक ने अपनी बहस में बताया कि अपीलान्ट शांति

(1) अपील डिक्री/ टी.ए./1836/2000/श्रीगंगानगर	मोमनराम	बनाम	चरणजीत
(2) अपील डिक्री/ टी.ए./1938/2000/श्रीगंगानगर	विजय कुमार	बनाम	चरणजीत
(3) अपील डिक्री/ टी.ए./2221/2000/श्रीगंगानगर	विजय कुमार	बनाम	अविनाश कुमारी
(4) अपील डिक्री/ टी.ए./2618/2000/श्रीगंगानगर	अविनाश कुमारी	बनाम	चरनजीत
(5) अपील डिक्री/ टी.ए./3976/2000/श्रीगंगानगर	अविनाश कुमारी	बनाम	चरनजीत
(6) अपील डिक्री/ टी.ए./6651/2018/श्रीगंगानगर	खेल कुमारी	बनाम	शंकरदास
(7) अपील डिक्री/ टी.ए./6662/2008/श्रीगंगानगर	खेलकुमारी	बनाम	विजय

देवी का जायन्दा पुत्र है। अमीरचन्द के द्वारा पुरी संपत्ति का ही पारिवारिक समझौता किया है। कृषि भूमि के अलावा अन्य सम्पत्ति भी है। यह न्यायसंगत नहीं है कि पारिवारिक समझौते के अनुसार दुकान व मकानात को स्वीकार कर लिया जावे एवं कृषि भूमि में उसे नहीं माना जाकर वसीयत को माना जावे। सुमित्रा देवी ने अपीलान्ट के पक्ष में वसीयत कर दी थी। राजस्व अपील अधिकारी ने फैमिली सेटलमेन्ट को नहीं मानने में भूल की है। फैमिली सेटलमेन्ट पर सभी के हस्ताक्षर है। वसीयत जिसके पक्ष में की गयी है, उसके भी हस्ताक्षर है। दुकान, मकानात व अन्य जायदाद का बंटवाडा जब पारिवारिक समझौते के आधार पर कर लिया गया है तो कृषि भूमि के मामले में भी इसे माना जाना न्यायोचित है।

24– अपीलान्ट खेल कुमारी के विद्वान अभिभाषक ने भी अपनी बहस में पारिवारिक समझौते के आधार पर ही निर्णय किये जाने हेतु निवेदन किया। उनका कथन है कि वसीयत के बाद ही पारिवारिक समझौता किया है। विद्वान अभिभाषक अपीलान्ट ने अपने पक्ष में **D.N.J. 1998 (S.C.) Page-150, A.I.R. 2006 (S.C.) Page-1895, A.I.R. 1990 (S.C.) Page-396, A.I.R. 1990 (S.C.) Page-1742, D.N.J. 1995 (S.C.) (Raj.) Page-367, R.B.J. 2007(14) Page-70** न्यायिक दृष्टान्त प्रस्तुत किये।

25– इसके विपरीत विद्वान अभिभाषक रेस्पोन्डेन्ट ने बहस के जवाब में बताया कि विवादग्रस्त आराजीयात मुरब्बा नम्बर–17 व 36 अमीरचन्द की खातेदारी की भूमि थी व स्वअर्जित सम्पत्ति थी। अमीरचन्द के द्वारा रजिस्टर्ड वसीयत शंकरदास के पक्ष में की गयी थी। इस वसीयत को निरस्त नहीं करवाया गया है। फेमिली सेटलमेन्ट नहीं हुआ है। बल्कि इकरारनामा हुआ था। भूमि बैंक के रहन थी। इकरारनामा की शर्तो की पालना नहीं की गयी। दो महिने में भूमि का हस्तान्तरण जरिये रजिस्टर्ड सैल–डीड से किया जाना था। पांच हजार रूपये नहीं दिये गये। इकरारनामा समाप्त हो गया। वसीयत को कहीं भी चैलेन्ज नहीं किया गया। शान्ता भाटिया के बयानों में यह स्पष्ट आया है कि इकरारनामा की शर्तो की पालना नहीं की गयी। शान्ता भाटिया ने मुरब्बा नम्बर–17 की आधी जमींन साढे बारह बीघा मोमनराम को बेच दी गयी। उस समय विचारण न्यायालय में दावा चल रहा था। दावा में स्पष्ट अंकित है कि भूमि का सौदा कर लिया गया है, नाम की जानकारी नहीं होने से क्रेतागण को पक्षकार भी कैसे बनाते। इकरारनामा से कोई टाईटल नहीं मिलता है। इकरारनामा की शर्तो की पालना नहीं की गयी है। यदि इस इकरारनामा को फेमिली सेटलमेन्ट मानते हैं तो यह रजिस्टर्ड होना चाहिये। विभाजन हुये बिना किला नम्बर से रजिस्ट्री कैसे हो सकती थी। शान्ता भाटिया

(1) अपील डिक्री/ टी.ए./1836/2000/श्रीगंगानगर	मोमनराम	बनाम	चरणजीत
(2) अपील डिक्री/ टी.ए./1938/2000/श्रीगंगानगर	विजय कुमार	बनाम	चरणजीत
(3) अपील डिक्री/ टी.ए./2221/2000/श्रीगंगानगर	विजय कुमार	बनाम	अविनाश कुमारी
(4) अपील डिक्री/ टी.ए./2618/2000/श्रीगंगानगर	अविनाश कुमारी	बनाम	चरनजीत
(5) अपील डिक्री/ टी.ए./3976/2000/श्रीगंगानगर	अविनाश कुमारी	बनाम	चरनजीत
(6) अपील डिक्री/ टी.ए./6651/2018/श्रीगंगानगर	खेल कुमारी	बनाम	शंकरदास
(7) अपील डिक्री/ टी.ए./6662/2008/श्रीगंगानगर	खेलकुमारी	बनाम	विजय

को इकरारनामा से ही अधिकार मिलते हैं। ऐसे इकरारनामा का कोई महत्व ही नहीं है। दिनांक 19-9-1994 को शान्ता भाटिया का स्वर्गवास हो गया है। जिससे वारिसान में से विजय कुमार पहले से ही रिकार्ड पर था। इसे वारिस पुत्री शाशी थी जिनके द्वारा आदेश-1 नियम-10 सी.पी.सी. का प्रार्थना पत्र पेश कर दिया था। दिनांक 18-1-1996 को पक्षकार बना लिया गया था। अनरजिस्टर्ड डोक्यूमेन्ट से टाईटल नहीं मिलता है। अविनाश कुमारी, खेल कुमारी, विजय कुमार तीनों का ही विवादग्रस्त आराजीयात में कोई हक व हिस्सा नहीं बनता है। शान्ता भाटिया का हक व अधिकार बनता है। विजय कुमार व शशि ने शान्ता भाटिया के साढे बारह बीघा के हिस्से का क्लेम नहीं किया है। विद्वान अभिभाषक रेस्पोन्डेन्ट ने अपने पक्ष में **R.B.J. 1997 Page-133, R.R.D 1990 Page-548, R.R.T. 2009 Page-677, R.R.T. 2009 Page-1425, R.L.W. 1999 Page-1358, R.B.J. 1997 Page-355, R.R.T. 2015 Page- 232, D.N.J. 2013 (Rev.) Page- 249, D.N.J. 2008 (S.C.) Page-337, R.B.J. 1998 Page- 443, R.B.J. 1997 Page- 316, D.N.J. 2009 Page- 1496 , R.B.J. 2003 Page- 290, R.R.T. 2001 Page- 244, R.R.T. 2015 Page- 1214, R.R.D. 1973 Page-53, DNJ 2014 (Raj.) Page- 644, D.N.J. 2013 (Raj.)431, R.R.D. 1992 Page-117, R.R.D. 1996 Page- 457 and R.B.J. 2010 Page- 628** न्यायिक दृष्टान्त प्रस्तुत किये।

26- रिबटल में अपीलान्ट के विद्वान अभिभाषक ने बताया कि शंकरदास का दावा वसीयत के आधार पर है, जबकि वसीयत को प्रस्तुत ही नहीं किया गया है। साक्ष्य अधिनियम की धारा-168 के अनुसार वसीयत को दो गवाहान के द्वारा प्रमाणित करवाना चाहिये। वसीयत को रजिस्टर्ड / अनरजिस्टर्ड दोनों ही परिस्थितियों में प्रमाणित करना होगा। फेमिली सेटलमेन्ट पर सभी के हस्ताक्षर है। सन् 1960 की वसीयत है, सन् 1961 में फेमिली सेटलमेन्ट है तो बाद वाले को ही मान्यता दी जावगी। फेमिली सेटनमेन्ट में भी दोनों पुत्रों के वारिसान को आधा आधा है तो विरासत के आधार पर भी दोनों के वारिसानों को आधा आधा मिलना है। राजस्व अपील अधिकारी का निर्णय सही नही है व विचारण न्यायालय का निर्णय सही है। राजस्व अपील अधिकारी के आदेश से ही सदभावी क्रेता प्रभावित हुये हैं। इकरारनामा लिखने से उसे इकरारनामा नहीं माना जा सकता है। उसमें जो तथ्य लिखे हुये है उसे ही देखा जायेगा। यह अन्तिम वसीयत है इसका रजिस्टर्ड होना आवश्यक नहीं है।

27- उभयपक्ष के विद्वान अभिभाषकगण की बहस पर मनन किया गया तथा दोनों अधीनस्थ न्यायालयों की पत्रावली का अवलोकन किया गया।

(1) अपील डिक्री/ टी.ए./1836/2000/श्रीगंगानगर मोमनराम बनाम चरणजीत
(2) अपील डिक्री/ टी.ए./1938/2000/श्रीगंगानगर विजय कुमार बनाम चरणजीत
(3) अपील डिक्री/ टी.ए./2221/2000/श्रीगंगानगर विजय कुमार बनाम अविनाश कुमारी
(4) अपील डिक्री/ टी.ए./2618/2000/श्रीगंगानगर अविनाश कुमारी बनाम चरनजीत
(5) अपील डिक्री/ टी.ए./3976/2000/श्रीगंगानगर अविनाश कुमारी बनाम चरनजीत
(6) अपील डिक्री/ टी.ए./6651/2018/श्रीगंगानगर खेल कुमारी बनाम शंकरदास
(7) अपील डिक्री/ टी.ए./6662/2008/श्रीगंगानगर खेलकुमारी बनाम विजय

28- अपील संख्या-1836/2000 शीर्षक मोमनराम बनाम चरणजीत में प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश-41 नियम-27 सी.पी.सी. का प्रस्तुत हुआ है। प्रार्थना पत्र में अंकित दस्तावेज पब्लिक डोक्यूमेन्ट है व प्रमाणित प्रतियां प्रस्तुत की है। अतः पर्चा खतौनी दिनांक 30-8-1972 सहायक भू प्रबन्ध अधिकारी, श्रीगंगानगर बेयनामा दिनांक 31-7-1980, 20-3-1986 नकल जमाबन्दी संवत 2035 से 2038 इन्तकाल संख्या-57, 67 जमाबन्दी संवत 2055 व पानी की पर्ची नम्बर-32 व 33 को रिकार्ड पर लिये जाने के आदेश दिये जाते हैं। यह निर्विवाद है कि विवादग्रस्त आराजीयात अमीरचन्द की खातेदारी की भूमि थी एवं स्वअर्जित थी। अमीरचन्द के द्वारा एक रजिस्टर्ड वसीयत रेस्पोन्डेन्ट शंकरदास के नाम निर्णय एवं डिक्री दिनांक 23-8-1960 को की गयी थी। खातेदार अमीरचन्द के द्वारा दिनांक 18-3-1961 को फेमिली सेटलमेन्ट (इकरारनामा) किया गया। इस इकरारनामा पर स्वयं अमीरचन्द पुत्र शंकरदास व बडे सरदारचन्द की पत्नि सुमित्रा देवी, शान्ता व पुत्री खेल कुमारी के हस्ताक्षर है। गवाहान के रूप में मदनलाल वल्द हेमराज भाटिया, गुरूदयाल वल्द इसरदास व हरदयाल भाटिया के हस्ताक्षर है। अमीरचन्द के दो पुत्र सरदारचन्द व शंकरदास थे। सरदारचन्द की मृत्यु इकरारनामा लिखे जाने की दिनांक से पूर्व में ही हो चुकी थी। सरदारचन्द की तीन पत्नियां थी। पहली पत्नि शिवदेवी का स्वर्गवास पहले ही हो चुका था, इससे एक पुत्री खेल कुमारी है। दुसरी पत्नि सुमित्रा देवी है, इससे एक पुत्री अविनाश कुमारी है एवं तीसरी पत्नि शान्ता देवी है, जिसके एक पुत्र विजय कुमार व एक पुत्री शशि है। इस इकरारनामा के द्वारा कृषि भूमि के अलावा अन्य जायदाद का भी निपटारा किया गया है। इस इकरारनामा में यह अंकन है कि मु. नं. 17 की 25 बीघा भूमि सुमित्रा देवी एवं शान्ता के नाम कर देने हेतु अमीरचन्द पाबन्द रहेगा। शंकरदास को मुरब्बा नम्बर-43 के 23 बीघा दी जायेगी। सरदारचन्द के हिस्से में से खेल कुमारी बाकायदा हिस्सेदार है और वह अपना हिस्सा सुमित्रा देवी की मृत्यु के बाद अविनाश कुमारी से बराबर बांट लेगी, जो सुमित्रा देवी के हिस्से में हिस्सा आया है। सुमित्रा को यह हिस्सा रहन बय मुन्तकिल करने का कोई हक हासिल नहीं होगा।

29- सहायक भू प्रबन्ध अधिकारी, श्रीगंगानगर ने अपने निर्णय दिनांक 23-2-1972 में यह आदेशित किया है कि सुमित्रा देवी के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 22-2-1968 में मुरब्बा नम्बर-17 प्रार्थिया के खाते में दर्ज करने हेतु आवेदन किया है जिस पर शंकरदास द्वारा प्रार्थना पत्र पेश किया। इसी के साथ वसीयतनामा की नकल पेश की गयी। बयान शंकरदास

(1) अपील डिक्री/ टी.ए./1836/2000/श्रीगंगानगर	मोमनराम	बनाम	चरणजीत
(2) अपील डिक्री/ टी.ए./1938/2000/श्रीगंगानगर	विजय कुमार	बनाम	चरणजीत
(3) अपील डिक्री/ टी.ए./2221/2000/श्रीगंगानगर	विजय कुमार	बनाम	अविनाश कुमारी
(4) अपील डिक्री/ टी.ए./2618/2000/श्रीगंगानगर	अविनाश कुमारी	बनाम	चरनजीत
(5) अपील डिक्री/ टी.ए./3976/2000/श्रीगंगानगर	अविनाश कुमारी	बनाम	चरनजीत
(6) अपील डिक्री/ टी.ए./6651/2018/श्रीगंगानगर	खेल कुमारी	बनाम	शंकरदास
(7) अपील डिक्री/ टी.ए./6662/2008/श्रीगंगानगर	खेलकुमारी	बनाम	विजय

के द्वारा नहीं दिया गया। पेशी के दिन सबूत पेश करने के मोहलत चाह रहे प्रार्थिया की ओर से इकरारनामा की नकल पेश की गयी, जो रजिस्टर्ड नहीं है। किन्तु दिनांक 18-3-1961 की है जिसे वसीयत के बाद लिखा गया है। पेशशुदा प्रमाणों से यह प्रमाणित है कि मृतक अमीरचन्द द्वारा वसीयत लिखने के पश्चात मृतक अमीरचन्द ने बाहमी रूप से अपनी जायदाद का बंटवाडा किया है। दोनों मुरब्बों में से एक मुरब्बा सुमित्रा व शान्ति देवी को व एक मुरब्बा अपने पुत्र शंकरदास को दिया। इस इकरारनामा से पूर्व में की गयी वसीयत समाप्त का संबंध नहीं है। शंकरदास द्वारा प्रस्तुत दलील वसीयत के मुताबिक दोनों मुरब्बा शंकरदास के रखे गये हैं। काबिल स्वीकृती नहीं रहते हैं। अतः मुरब्बा नम्बर-17 की 25 बीघा सुमित्रा देवी व शान्तादेवी बेवा सरदारचन्द के नाम व हिस्सा बराबर व मुरब्बा नम्बर-36 की 23 बीघा भूमि शंकरदास के नाम दर्ज करने की स्वीकृती दी जाती है।

30- इस फैसले के बाद यह दोनों मुरब्बे पर अमीरचन्द का नाम हटाकर मुरब्बा नम्बर-17 सुमित्रा देवी, शान्ता बेवा सरदारचन्द एवं मुरब्बा नम्बर-36 पर शंकरदास का इन्द्राज किया गया है।

31- अपीलार्थी मोमनराम ने उपनिवेशन अधिनियम के अन्तर्गत तत्कालीन प्रभावी नियमों के अनुसरण में जिला कलेक्टर से क्रय की अनुमति लेकर भूमि का क्रय जरिये रजिस्टर्ड सेल डीड से किया था जिससे वह एक सदभावी क्रेता है। रेस्पोन्डेन्ट शंकरदास को भूमि विक्रय की जानकारी भी होना दावा में अंकित किया है तो फिर उन्हें पक्षकार बनाना चाहिये। क्रेता मोमनराम वर्ष 1980 से ही राजस्व रिकार्ड में बतौर खातेदार दर्ज है तो वह एक हितबद्ध पक्षकार है एवं इन्हें अपील लाने का पूर्ण अधिकार है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने आर.बी.जे. 2005(12) अमित कुमार बनाम करिडा खातून के मामले में यह अभिनिर्धारित किया है कि :-

> Code of procedure 1908 Order 1 Rule 10 and Order 22 Rule 10 - Addition of party - Transferee pendente lite can be added as a proper party if his interest in the subject matter of suit is substantial and not just peripheral.

(1) अपील डिक्री/ टी.ए./1836/2000/श्रीगंगानगर मोमनराम बनाम चरणजीत
(2) अपील डिक्री/ टी.ए./1938/2000/श्रीगंगानगर विजय कुमार बनाम चरणजीत
(3) अपील डिक्री/ टी.ए./2221/2000/श्रीगंगानगर विजय कुमार बनाम अविनाश कुमारी
(4) अपील डिक्री/ टी.ए./2618/2000/श्रीगंगानगर अविनाश कुमारी बनाम चरनजीत
(5) अपील डिक्री/ टी.ए./3976/2000/श्रीगंगानगर अविनाश कुमारी बनाम चरनजीत
(6) अपील डिक्री/ टी.ए./6651/2018/श्रीगंगानगर खेल कुमारी बनाम शंकरदास
(7) अपील डिक्री/ टी.ए./6662/2008/श्रीगंगानगर खेलकुमारी बनाम विजय

32– जहां तक फेमिली सेटलमेन्ट के रजिस्ट्रेशन का प्रश्न है इस प्रश्न पर ए.आर.आर. 1991 (केरला) पेज–266 में यह अभिनिर्धारित किया है कि :–

> Registration Act 1908 Sec. 17 - Registration of documents - agreement by way of Family Settlement settling all disputes between parties - Doesnot require Registration.

33– वसीयत के बाद पारिवारिक सेटलमेन्ट (इकरारनामा) खातेदार अमीरचन्द के द्वारा किया गया है जिस पर रेस्पोन्डेन्ट शंकरदास के हस्ताक्षर है तो वह अब इसे मानने के लिये बाध्य है। यदि शंकरदास को कोई आपत्ति थी तो इन्हें वसीयत के आधार पर अपने पक्ष में नामान्तरकरण की कार्यवाही करनी चाहिये। जब सहायक भू प्रबन्ध अधिकारी के द्वारा इनकी वसीयत को नहीं मानकर फेमिली सेटलमेन्ट के आधार पर नामान्तरकरण दर्ज करने के आदेश सन् 1972 में पारित किये गये थे तो इनके द्वारा इसे चैलेन्ज क्यों नहीं किया गया। वसीयत के बाद नया सेटलमेन्ट किये जाने पर ऐसी वसीयत प्रभावहीन ही मानी जायेगी। क्योंकि वसीयतकर्ता के द्वारा ही सोच समझकर ही पारिवारिक सेटलमेन्ट किया गया है एवं इस पर परिवार के अन्य सदस्यों ने भी बतौर अपनी सहमति के हस्ताक्षर किये हैं। यदि रेस्पोन्डेन्ट शंकरदास को इस पर आपत्ति थी तो उसे हस्ताक्षर नहीं करने चाहिये। पिता द्वारा किये हुये पारिवारिक सेटलमेन्ट पर हस्ताक्षर करने का आशय यही है कि उसने पिता द्वारा की गयी वसीयत के दावा को त्याग कर दिया है। यही माना जायेगा कि पूर्व में पिता अमरचन्द का मानस ओर था, बाद में परिवर्तन हुआ। हुये परिवर्तन के आधार पर उसने फेमिली सेटलमेन्ट कर दिया। रेस्पोन्डेन्ट का यह कथन मानने योग्य नहीं है कि उसे फेमिली सेटलमेन्ट की कोई जानकारी ही नहीं है। जबकि अन्य सभी पक्षकारों व गवाहों से इसे किया हुआ होना माना है। सहायक भू प्रबन्ध अधिकारी के द्वारा नामान्तरकरण दर्ज करने के आदेश को भी चैलेन्ज नहीं किया। उसमें भी यह माना जायेगा कि वह इससे सहमत है। खातेदार अमीरचन्द के दो पुत्र है। अमीरचन्द के द्वारा धारित दोनों मुरब्बों को दोनों पुत्रों के वारिसान में एक एक मुरब्बा दिया गया है व विरासत के आधार पर भी दोनों पुत्रों के वारिसान को एक एक मुरब्बा ही मिलना था। जब फेमिली सेटलमेन्ट को मानकर के सभी ने हस्ताक्षर किये हैं तो उसकी शर्तो की भी पालना करनी होगी। जिससे मुरब्बा नम्बर–17 की 25 बीघा भूमि आधी–आधी सुमित्रा देवी व शान्ता देवी को दे दी गयी है व सुमित्रा देवी को मुन्तकिल करने का अधिकार नहीं दिया हुआ है एवं फौत होने पर साढे बारह बीघा का आधा हिस्सा खेल कुमारी का व आधा हिस्सा अविनाश कुमारी

(1) अपील डिक्री/ टी.ए./1836/2000/श्रीगंगानगर	मोमनराम	बनाम	चरणजीत
(2) अपील डिक्री/ टी.ए./1938/2000/श्रीगंगानगर	विजय कुमार	बनाम	चरणजीत
(3) अपील डिक्री/ टी.ए./2221/2000/श्रीगंगानगर	विजय कुमार	बनाम	अविनाश कुमारी
(4) अपील डिक्री/ टी.ए./2618/2000/श्रीगंगानगर	अविनाश कुमारी	बनाम	चरनजीत
(5) अपील डिक्री/ टी.ए./3976/2000/श्रीगंगानगर	अविनाश कुमारी	बनाम	चरनजीत
(6) अपील डिक्री/ टी.ए./6651/2018/श्रीगंगानगर	खेल कुमारी	बनाम	शंकरदास
(7) अपील डिक्री/ टी.ए./6662/2008/श्रीगंगानगर	खेलकुमारी	बनाम	विजय

का रहेगा। तो सुमित्रा देवी के द्वारा विजय कुमार के नाम से की गयी वसीयत को सही नहीं कहा जा सकता है। दादा अमीरचन्द के द्वारा दो पुत्रवधुओं की दो लडकियों की बराबर बराबर हिस्सा दिया है व एक पुत्रवधु शान्ता देवी को साढे बारह बीघा भूमि दी गयी है। शान्तादेवी के द्वारा प्रतिफल लेकर इस भूमि का बेचान अपीलान्ट मोमनराम को कर दिया गया है। मोमनराम सदभावी क्रेता है जिसके नाम राजस्व रिकार्ड में भूमि दर्ज है उसे बिना सुने ही उसके हिस्से की भूमि को रेस्पोन्डेन्ट शंकरदास के नाम वसीयत के आधार पर करने के आदेश दिये गये है, जो विधिसम्मत नहीं है।

34- खातेदार अमीरचन्द के अपने परिवार के सदस्यों में महज आपसी सहमति से फेमिली सेटलमेन्ट किया गया था जिस पर सभी के हस्ताक्षर है। यह वसीयत करने के बाद लिखा गया है जिससे पूर्व में की गयी वसीयत निष्प्रभावी हो जाती है। ऐसे पारिवारिक समझौते का रजिस्ट्रेशन आवश्यक नहीं है। रेस्पोन्डेन्ट शंकरदास ने भी इस पर हस्ताक्षर किये हैं। वसीयत के बाद लिखा गया अन्तिम दस्तावेज है। जिससे पूर्व की वसीयत का कोई महत्व नहीं रह जाता है। रेस्पोन्डेन्ट शंकरदास पारिवारिक समझौते को स्वीकार कर लेने के बाद इसके विपरीत कथन करने से भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा-115 के अनुसार विवधित है।

35- उपर्युक्त विवेचन के आधार पर विद्वान राजस्व अपील अधिकारी द्वारा पारित निर्णय दिनांक 6-6-2000 निरस्त किया जाकर विद्वान उप खण्ड अधिकारी, श्रीगंगानगर द्वारा पारित निर्णय व डिक्री दिनांक 27-5-1991 को यथावत रखने के आदेश दिये जाते हैं।

निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(चिरंजी लाल दायमा)
सदस्य

(वी. श्रीनिवास)
अध्यक्ष